प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत एक–दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

पंतनगर। 30 जनवरी 2024। विश्वविद्यालय के अधीन संचालित फार्मर फर्स्ट परियोजना के अंतर्गत सूर्यजाला गांव ब्लॉक भीमताल में एक–दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। यह परियोजना विगत कई वर्षों से डा. एस.के. कश्यप के नेतृत्व में चल रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयं सहायता समूह द्वारा खाद्य प्रसंस्करण हेतु गांव की महिलाओं को सह परियोजना अधिकारी डा. किरण राना एवं डा. अनिल कुमार द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में गांव की ग्राम प्रधान श्रीमती सुमन सूर्या सहित गांव की महिलाएं शामिल थीं। इस कार्यक्रम में खाद्य प्रसंस्करण समूह का गठन किया गया। प्रशिक्षण के दौरान गांव में उत्पादित होने वाले मसालों जैसे–अदरक, हल्दी, तेजपत्ता, मिर्च तथा सब्जियों–जैसे कटहल, मशरूम, इत्यादि के खाद्य प्रसंस्करण के बारे में जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण के दौरान गांव में खाद्य प्रसंस्करण इकाई के स्थापन के संदर्भ में भी वार्ता की गयी। परियोजना के अंतर्गत गांव में ही खाद्य प्रसंस्करण इकाई के माध्यम से खाद्य पदार्थों को स्थानीय बाजार में बेच कर महिला किसानों की आय बढ़ाने का उद्देश्य है। इसके अलावा आने वाली ग्रीष्मकालीन फसलों के बीज की आवश्यकता के बारे में भी गांव की महिलाओं से वार्ता की गयी। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान सहित, अन्य ग्रामीणों ने प्रतिभाग किया तथा परियोजना में कार्यरत एस.आर.एफ, डा. नेहा आर्या एवं प्रक्षेत्र सहायक, श्वेता सिंह भी उपस्थित थे।

प्रशिक्षणार्थियों के साथ अधिकारीगण।

निदेशक संचार